महिलाओं को दिए सेल्फ डिफेंस के टिप्स

'अमर उजाला रूपांतरण क्लब' की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

स्टाफ रिपोर्टर

कानपुर। महिलाओं के खिलाफ साथ बढ़ रहे अपराधों के प्रति उन्हें जागरूक और चौकन्ना करने के लिए शनिवार को एक्सपर्ट्स ने टिप्स दिए। पुलिस लाइन बास्केट वॉल ग्राउंड में 'अमर उजाला-रूपांतरण' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्लैक बेल्ट कराटे महागुरु परवेज मिस्त्री और उनकी टीम ने सेल्फ डिफेंस के टिप्स दिए।

पुलिस लाइन में महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी वेस्ट भारत सिंह ने किया। इसके बाद परवेज मिस्त्री और उनकी टीम में शामिल सेन्सुई विपुल, सेन्सुई जीनत मिस्त्री और सेन्सुई जगदीश एच. ने महिलाओं को मार्केट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, स्कूल-कॉलेज और अन्य जगहों पर होने वाली छेड़छाड़ की जानकारी देते हुए बचाव के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि जब भी घर से बाहर निकलें मोबाइल का प्रयोग न करें, हमेशा चौकन्ना होकर दाएं-बाएं और आगे-पीछे नजर रखें। किसी भी आक्रमणकारी के हमले से घबराए बिना सामना करें। कार्यक्रम में महिलाओं को बचाव की प्रैक्टिस भी कराई गई। कार्यक्रम में गोदरेज सिक्योरिटी साल्यूशन, डॉबर, सतमोला रिस्ट, बीएल कोल्हू, बैंक ऑफ बड़ौदा, सिल्वर बेल्स और पुलिस आफीसर का सहयोग रहा।